हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 20 जून 2026














## खबर संक्षेप

### आज और कल जिले के कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री टंकराम

**बिलाईगढ़।** राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार और रविवार क़ो जिले के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री शनिवार क़ो दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस सारंगढ़ आएंगे और 1.30 बजे शासकीय हाईस्कूल गोडम में प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण में शामिल होंगे। शाम 4.30 बजे कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ के सभाकक्ष में जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस सारंगढ़ में करेंगे। इसी प्रकार मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा रविवार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी परिसर में प्रातः 6 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### जिला स्तरीय योगाभ्यास में शामिल होने के लिए वाहन सुविधा

**बलौदाबाजार।** जिले में 21 जून को बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन स्वस्थ्य आयु के लिए योग आधारित थीम पर किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में आयोजित होगा। योग में शामिल होने इच्छुक व्यक्तयों के लिये जिला प्रशासन द्वारा वाहन व्यवस्था की गई है। प्रातः 6 बजे से वाहन की व्यवस्था की गई है। वाहन नगर भवन बलौदाबाजार, पं. चक्रपाणी हायर सेकन्डरी स्कूल, योग भवन पंचशील नगर से रवाना होगा।

# अवैध रेत परिवहन करते 10 हाइवा जब्त , चालक चाबी लेकर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- जायसवाल फैमिली ढाबा के पास चलाया गया सघन जांच अभियान
- अवैध रेत परिवहन करते 10 हाईवा जब्त

सिमगा-हथबंद मार्ग पर जायसवाल फैमिली ढाबा के पास शुक्रवार की सुबह 6 बजे राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने अवैध रेत परिवहन करते 10 हाईवा को जब्त किया। जांच के दौरान हाईवा क्रमांक सीजी 09 जेटी 3532, सीजी 09 जेक्यू 9614, सीजी 09 जेसी 8879, सीजी 25 91429, सीजी 25 जी 7400, सीजी 09 जेटी 9184, सीजी 25 एन 2896, सीजी 25 पी 9074, सीजी 09 जेटी 9614, सीजी 09 जे 50181 एवं सीजी 09 जे एस 6362 में रेत परिवहन करते पाया गया। उक्त वाहनों को रोक कर परिवहन पास मांगने पर केवल हाईवा क्रमांक सीजी 09 जेएस 6362 को छोड़ कर 10 वाहन चालकों द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया तथा वाहन चालक हाईवा की चाबी निकालकर मौके से फरार हो गये। वहीं संयुक्त टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई



### अवैध रेत परिवहन से सिमगा-तिल्दा मार्ग पर बढ़ा खतरा

उल्लेखनीय हो कि सिमगा तिल्दा मार्ग में प्रतिदिन रेत से भरे बड़ी बड़ी वाहने चलती है जिसे तिरपाल से ढंका भी नहीं जाता है ऐसे में सड़क में चलने वाले लोग रेत के कण उड़ने से हमेशा परेशान रहते हैं। वहीं सड़क किनारे रेत बिछ जाने से दोपहिया चालक आए दिन उसमें फिसल कर गिरते रहते हैं जिससे बड़ी दुर्घटना घटनें की हमेशा ही संभावना बनी रहती है। प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं करने चलते अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करने वालों के हौसले बुलंद हैं ।

## एसडीएम के नेतृत्व में बनाई गई जांच टीम, तीन दिन में देना होगी रिपोर्ट

# ट्रैक्टर जब्ती पर आत्महत्या का प्रयास, ग्रामीणों ने एसडीएम दफ्तर घेरा, जांच टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करते हुए नायब तहसीलदार द्वारा जब्त किए गए ट्रैक्टर के खिलाफ वाहन मालिक ने जहर सेवन कर लिया था। नायब तहसीलदार की कार्रवाई का विरोध करते हुए ट्रैक्टर संघ ने शुक्रवार सुबह एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और नायब तहसीलदार पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करते ज्ञापन सौंपा ।

उक्त घटना के बाद ट्रैक्टर संघ लामबंद होकर शुक्रवार की सुबह एसडीएम कार्यालय घेराव कर चेतावनी दिए जाने के बाद ट्रैक्टर संचालकों से अनुविभागीय अधिकारी कसडोल रामरतन दुबे ने सकारात्मक मुलाक़ात कर चर्चा की। जिस पर ट्रैक्टर संचालकों ने बताया कि उनके द्वारा रेत का परिवहन प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत गरीब परिवारों को सस्ते दरों पर रेत और ईंट दिया जा रहा है। जिस पर ट्रैक्टर संचालकों की बात सुन कर एसडीएम ने नियमानुसार स्वीकृति भंडारण क्षेत्रों से रेत परिवहन करने को कहा। इधर अवैध वसूली से परेशान ट्रैक्टर संचालकों ▶▶ शेष पेज 15 पर

### हालत खतरे से बाहर

प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाज उपरांत ट्रैक्टर चालक का स्वास्थ्य सामान्य है एवं खतरे से बाहर है। मामले का संज्ञान में आते ही कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने एसडीएम कसडोल आर.आर.दुबे के नेतृत्व में टीम गठित कर तीन दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जांच उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



### पीड़ित ने लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

इधर पीड़ित कमल ओगरे ने मीडिया से बताया है कि कसडोल नायब तहसीलदार द्वारा गुरुवार को तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया गया था। जिसमें 2 ट्रैक्टर देवरीकला एवं एक ट्रैक्टर भदरा में पकड़ा गया था। आरोप है कि इनमें से दो ट्रैक्टरों को कथित रूप से पैसों के लेन-देन के बाद छोड़ दिया गया, जबकि एक ट्रैक्टर मालिक द्वारा पैसे नहीं देने पर उसका ट्रैक्टर जब्त रखा गया।

### घूम-घूमकर ट्रैक्टर संचालकों से की जा रही अवैध वसूली

पीड़ित किसान का आरोप है कि ट्रैक्टर छोड़ने के एवज में नायब तहसीलदार द्वारा रुपयों की मांग की गई थी। किसान का कहना है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह राशि नहीं दे सका, इसके बाद उसका ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया। वहीं एक रेत से भरे ट्रैक्टर से डायरेक्ट सौदा कर ग्राम भदरा में ही छोड़ दिया गया। साथ ही एक ईंट से भरे ट्रैक्टर को थाना लेजाकर देर शाम पैसो का सौदा कर छोड़ दिया गया, जबकि पकड़े गए ईंट से भरे ट्रैक्टर का फोटोग्राफ उसके पास मौजूद है, इसके अलावा किसान ने बताया कि उक्त मैडम द्वारा लगातार घूम घूमकर ट्रैक्टर संचालकों से अवैध वसूली की जा रही है।

## लवन के बूढ़ा तालाब में मिट्टी का अवैध खनन और परिवहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

- जनप्रतिनिधी कमर कसके है मेहरबान

तहसील नगर पंचायत लवन में अंधेरे होते ही रात में फिर किसी व्यक्ति द्वारा बूढ़ा तालाब में चिन्हित क्षेत्र के बाहर जेसीबी मशीन से मिट्टी की अंधाधुंध अवैध खनन एवं हाइवा से लोडिंग कर परिवहन किये जाने का मामला तूल पकड़ लिया है। इस अवैध खनन एवं परिवहन की एक बार शिकायत का मोर्चा भाजपा नेता सर्वेन्द्र साहू ने जिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग उठायी है। विगत दिनों रॉयलटी के आड़ में खनन माफिया द्वारा मिट्टी की अवैध खनन परिवहन को अंजाम दे रहा है था जिसकी शिकायत सर्वेन्द्र साहू ने मीडिया के माध्यम से किये गए थे, इस पर खबर प्रकाशित होने के बाद खनन बंद हो गया था, लेकिन एक बार फिर कुछ दिन ▶▶ शेष पेज 15 पर

# राजस्व मंत्री ने जिले में सुपोषण बचपन अभियान का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- स्थानीय समूह की महिलाएं तैयार करेंगी पोषणयुक्त लड्डू

जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सुपोषण की ओर ले जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सुपोषित बचपन अभियान की शुरआत की गई। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में सुपोषित बचपन अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक लड्डू खिलाकर कुपोषण से लड़ने और मजबूत बनने प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में मंत्री श्री वर्मा ने कहा क़ि बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए एवं एक अच्छी सोच के साथ जिले में सुपोषित बचपन अभियान की शुरुआत हुई है। बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो देश का भविष्य भी मजबूत होग़ा। उन्होंने कहा कि पौष्टिक लड्डू में कई तरह के पौष्टिक सामग्री शामिल है, जिसके सेवन से कुपोषण दूर होगा। मानसिक रूप से बच्चों को स्वस्थ रखने के लिये अच्छे संस्कार देना भी जरुरी है। माता अपने बच्चों को प्रेम के साथ ही साथ अनुशासन भी सिखाएं और एक अच्छा नागरिक बनाएं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जीतेन्द्र महले, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में बच्चे एवं माता उपस्थित थे।

### जिले के 9000 कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने का लक्ष्य

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बताया कि जिले के 1626 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1500 केंद्रों में लगभग 9000 बच्चे कुपोषित है, जो बड़ी संख्या है। बच्चे देश के भविष्य है और उनका सुपोषित होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि इन सभी 9000 कुपोषित बच्चों को अगले 6 माह में सुपोषित करने हेतु कार्ययोजना बनाई गई है। सुपोषित बचपन अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 6 दिन एक-एक पौष्टिक लड्डू दिया जाएगा। यह पौष्टिक लड्डू स्थानीय स्तर पर समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किया जाएगा। इस पौष्टिक लड्डू का निर्माण गेहूं, बेसन, रागी, मुनगा पॉवडर, गुड़, तिल, मूंगफली जैसे उच्च पौष्टिक पदार्थ से किया जाएगा। प्रातः 10 बजे आंगनबाड़ी केन्द्र में ही सहायिका द्वारा बच्चों को लड्डू खिलाया जायेगा। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका प्रति दिन गृह भेंट अंतर्गत बच्चों के घर जाकर उनके माता पिता को बच्चे की सही देख- भाल, समय पर पौष्टिक देने के सम्बंध में जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया क़ि अभियान के तहत सभी 1200 गंभीर कुपोषित बच्चों का चिरायु टीम द्वारा कार्ड बनाया जाएगा। सबसे पहले इनका पीएच सी एवं सीएचसी में स्वास्थ्य परीक्षण होगा। स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर आवश्यक दवाई दिया जाएगा। इसके साथ ही हर एनआरसी में भर्ती कराया जाएगा। भर्ती हेतु 15 -15 दिन के लिए बच्चों का लिस्ट तैयार किया जाएगा।

# गोपालपुर के प्राथमिक और मिडिल स्कूल में घट रही छात्रों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

यहां के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान उन्हें गणवेश वितरण किया गया। विदित हो कि यहां की प्राथमिक शाला में मात्र पांच बच्चे हैं, और मिडिल स्कूल में मात्र दो बच्चे हैं।

जो बच्चे हैं वे भी कम बच्चे के हवाला देकर स्थानांतरण सर्टिफिकेट की मांग कर रहे हैं। उस परिस्थिति में स्कूल में बच्चों की संख्या शुन्य हो रही है और स्कूल बंद होने के कगार पर है। यदि बच्चे एवं पालक को समझौता कर रोक दिया जाय, ▶▶ शेष पेज 15 पर



# लवन रोड पर प्रस्तावित शराब दुकान का विरोध

- क्षेत्रवासियों ने मंत्री व प्रशासन से लगाई रोक की गुहार

**बलौदाबाजार।** शहर के लवन रोड स्थित रॉयल एनफील्ड शोरूम के समीप प्रस्तावित नई शराब दुकान के विरोध में क्षेत्रवासियों ने प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा, कलेक्टर, एसडीएम तथा नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दुकान खोलने की योजना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रस्तावित शराब दुकान का स्थान घनी आबादी वाले रहवासी क्षेत्र के साथ-साथ शैक्षणिक एवं धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रस्तावित स्थल के निकट सेक्रेड हार्ट स्कूल, राधा स्वामी सत्संग भवन, गायत्री मंदिर, काली मंदिर, राधा विहार कॉलोनी तथा सोमेश विहार कॉलोनी स्थित हैं, जहां प्रतिदिन ▶▶ शेष पेज 15 पर

## सड़क जैसी परिस्थितियों में रह रहे बच्चों की पहचान पर जोर

# हॉटस्पॉट क्षेत्रों में हुई 14 से कम आयु के काम करने वाले बच्चों की जांच, 24 बच्चों का किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में जिले में सड़क जैसी परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे बच्चों को सुरक्षित बचपन, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बाल सक्षम नीति-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत 1 से 30 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में 15 एवं 18 जून को जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कसडोल विकासखंड अंतर्गत गिधौरी, छरछेद, लवन, चांदन एवं बया, विकासखंड पलारी अंतर्गत गिधपुरी, रोहांसी, भवानीपुर, कोदवा एवं खरतोरा के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान होटल, ढाबों और मिलों में जांच कर संचालकों को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम नहीं कराने की सख्त चेतावनी दी गई।



संयुक्त कारवाई के दौरान संयुक्त टीम द्वारा कुल 24 बच्चों को सड़क जैसी परिस्थितियों में चिन्हांकित किया गया है। जिनके पुनर्वास की समुचित कार्रवाई के निष्पादन हेतु बालकों को बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कराया जा रहा है। 14 वर्ष से कम आयु के बालकों को कार्य में नियोजित करने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई हेतु श्रम विभाग को निर्देश दिए गए हैं।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हितग्राहियों को योजनाओं में जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष के सफल एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में आयोजित किए जा रहे बढ़ता भारत-बदलता भारत के तहत 'विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के 12 साल' अभियान के अंतर्गत कसडोल नगर में वृहद पंजीकरण शिविर एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।डॉ. जांगड़े ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने एवं पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी संपन्न की गई। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

## डॉ. सनम जांगड़े ने दीप जलाकर किया पंजीयन शिविर का शुभारंभ

### योजनाओं की दी जानकारी

नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन को योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा पात्र हितग्राहियों को इनसे जोड़ने की अपील की।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, कुसुम लता पैकरा अध्यक्ष जनपद पंचायत, देवानंद नायक उपाध्यक्ष, नागेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल, छतराम साहू अध्यक्ष नगर पंचायत टुंड्रा, डॉ सुदीप मानिकपुरी उपाध्यक्ष नपं व मंडल अध्यक्ष कसडोल, जीवधन बरिहा मंडल अध्यक्ष बया, कपिल देव नायक अध्यक्ष सरपंच संघ, रामचंद ध्रुव जिलाध्यक्ष अनु जन जाति मोर्चा सहित जनपद पंचायत कसडोल सभापति एवं जनपद सदस्यगण, नगर पंचायत सभापति एवं पार्षदगण व प्रशासनिक विभाग से एसडीएम रामरतन दुबे, जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 23 को कैबिनेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट की बैठक 23 जून को 11.30 बजे मंत्रालय में बुलाई गई है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारी और लाए जाने वाले विधेयकों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही खरीफ सीजन और आपदा प्रबंधन के संबंध में अब तक की गई तैयारियों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी चर्चा की जाएगी।

### भारतीय वन सेवा के सात अफसरों का स्थानांतरण

**रायपुर ।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने गुरुवार को सात भारतीय वन अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक कांकेर सीसीएफ राजेश कुमार चंदेले, जगदलपुर सीसीएफ आलोक तिवारी का स्थानांतरण वन मुख्यालय किया गया है। इसी तरह राम अवतार दुबे मुख्य वन संरक्षक कार्योजना बिलासपुर राज्य वन विकास निगम के क्षेत्रीय महाप्रबंधक बनाए गए हैं। वन मुख्यालय में वन संरक्षक के पद पर पदस्थ विवेकानंद झा कांकेर के प्रभारी सीसीएफ बनाए गए हैं। लक्ष्मण सिंह का वन मुख्यालय से स्थानांतरण बिलासपुर किया गया है, वे वहां वन संरक्षण कार्य योजना मंडल के प्रभारी होंगे। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर स्टायलो मंडावी को सीसीएफ जगदलपुर का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी निर्मला खेस का स्थानांतरण रायपुर जिला वन अधिकारी, अनुसंधान एवं विस्तार प्रभाग किया गया है। वन मुख्यालय में संपदा अधिकारी के पद पर पदस्थ अनिमेश गोवर्धन को वन मुख्यालय में ही वन उप संरक्षक (रोकड़) के पद पर स्थानांतरण किया गया है।

### योग आयोग के अध्यक्ष नियुक्त हुए संजय अग्रवाल

**रायपुर।** राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष के पद पर बिलासपुर निवासी संजय अग्रवाल को नियुक्त किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ योग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार योग को स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम मानती है। योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, संतुलन और सकारात्मकता का भी संचार करता है। मुख्यमंत्री ने कहा, श्री अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार, जन-जागरूकता एवं योग आधारित स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयासों को नई गति मिलेगी।

### ओवररेट पर शराब बिक्री तीन अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** अधिक दर पर शराब बेचने के मामले में उड़नदस्ता की रिपोर्ट पर आबकारी विभाग के तीन अफसरों को निलंबित किया गया है। जानकारी के अनुसार, उड़नदस्ता टीम दुर्ग ने अंजोरा में ओवररेट पर शराब बेचे जाने के मामले में जांच की, जिसमें आबकारी उप निरीक्षक हरिश पटेल की लापरवाही होने की बात कही गई। वहीं कांकेर जिले के दुर्गकोंदल में बीयर की अधिक दर पर बिक्री के मामले में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त भानुप्रतापपुर ओमप्रकाश को लापरवाह मानते हुए निलंबित किया गया है। तीसरा मामला सरगुजा जिले का है, जहां विदेशी कम्पोजिट दुकान बौरीपारा में अधिक दर पर मदिरा बेचने के मामले में अंबिकापुर वृत्त के उप निरीक्षक अनिल गुप्ता को निलंबित किया गया है।

## आयोजन : जिला ऑडिटोरियम में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधा के लिए सरकार प्रतिबद्ध : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शैक्षणिक सत्र 2026-27 अंतर्गत शुक्रवार को जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बलौदाबाजार स्थित जिला ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर अभिनन्दन किया। साथ ही छात्रों को शिक्षण सामग्री एवं सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत छात्राओं को सायकिल वितरण की गई। इस अवसर पर मिशन उत्कर्ष 2027 का भी शुभारम्भ किया गया।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह हमेशा बने रहना चाहिए। गुणात्मक शिक्षा एवं स्कूलों में बेहतर सुविधाओं के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं। जिले में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिये डीएमएफ से राशि स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया हैं, जिससे 400 से अधिक शिक्षकों को मानदेय के आधार पर रखा जाएगा। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा क़ि निष्ठा और लगन के साथ मेहनत करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। कठिनाई और बधाओं से घबराना नहीं हैं, बल्कि उसका डट कर मुकबला करना है और जीवन में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ अच्छे संगत भी महत्वपूर्ण है। यदि हमारी संगति अच्छे लोगों से नहीं होगी तो हम भी उसके संगत में रहकर उसी तरह बन जाएंगे।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा क़ि शाला प्रवेश उत्सव हर वर्ष बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है ताकि नवप्रवेशी बच्चों को बेहतर वातावरण मिल सके। शाला प्रवेश उत्सव पूरे जिले में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया क़ि जिला प्रशासन द्वारा गुणात्मक शिक्षा एवं 10 व 12 वी कक्षा में बेहतर परिणाम के लिये मिशन उत्कर्ष 2027 की शुरआत किया गया हैं।इसके अंतर्गत जिले के उत्कृष्ट व्याख्याताओं का विषयवार टीम बनाया गया हैं जो जिन स्कूलों में किसी बिषय के शिक्षक नहीं होने पर ऑनलाइन क्लास लेंगे। इसके साथ ही मॉडल प्रश्न पत्र तैयार कर हर माह बच्चों का टेस्ट लिया जाएगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, पुलिस अधीक्षक ओ.पी.शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, चित्ररेखा साहु, डीईओ संदीप शर्मा, डीएमसी नरेंद्र वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# साइबर ठगी में जामताड़ा गिरोह का मुख्य अकाउंट मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम को ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। बैंक खाते से किश्तों में 3,74,000 की धोखाधड़ी करने वाले कुख्यात जामताड़ा (झारखंड) गिरोह के मुख्य अकाउंट मैनेजर व ठेकेदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी महेन्द्र त्रिपाठी (निवासी संजय कालोनी, बलौदाबाजार) के मोबाइल पर 21 दिसंबर 2025 को एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया था। इसके बाद अज्ञात ठगों ने योजनाबद्ध तरीके से प्रार्थी के भारतीय स्टेट बैंक (गार्डन चौक बलौदाबाजार शाखा) के खाता नंबर से अलग-अलग किश्तों में कुल 3,74,000 बेईमानी से पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्रमांक 101/2026 दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया था।

### खुली कड़ियों का जाल

तकनीकी साक्ष्यों और बैंक ट्रांजेक्शन के विश्लेषण के बाद पुलिस ने पूर्व में आरोपी लाल मोहम्मद अंसारी को झारखंड से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लाया था। पुलिस रिमांड के दौरान कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने इस पूरे साइबर फ्रॉड नेटवर्क के मास्टरमाइंड और मुख्य 'अकाउंट मैनेजर' मोहम्मद मकरूद्दीन अंसारी का नाम उगला। यह गिरोह बकायदा पैसे देकर एपीके (**APK**) फाइल खरीदता था और उसके जरिए लोगों के मोबाइल हैक कर फ्रॉड को अंजाम देता था।

### घेराबंदी कर दबोचा गया मुख्य सरगना

थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त विशेष टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए झारखंड में घेराबंदी की और मुख्य आरोपी मोहम्मद मकरूद्दीन अंसारी को धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 17 एटीएम कार्ड, अपराध में प्रयुक्त 1 मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपी को 19 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुख्य अकाउंट मैनेजर मोहम्मद मकरूद्दीन अंसारी पिता अब्दुल रहीम मियां उम्र 39 वर्ष निवासी पारतोल, थाना कर्माटांड, जिला जामताड़ा, झारखंड, लाल मोहम्मद अंसारी उर्फ लालबाबू पिता रफीक मियां उम्र 35 वर्ष निवासी पंचरूखी, थाना मार्गोमुंडा, जिला देवघर, झारखंड। मुस्तफा अंसारी पिता युसूफ अंसारी 30 वर्ष निवासी पंचरूखी, थाना मार्गोमुंडा, जिला देवघर, झारखंड शामिल हैं।

# जबरन वसूली और मारपीट करने वाला आरोपी टेकराम गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सिटी कोतवाली पुलिस ने प्रार्थी का रास्ता रोककर गाली-गलौज, मारपीट और जबरन वसूली करने वाले शातिर आरोपी टेकराम ध्रुव को गिरफ्तार कर लिया है।

थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, घटना 17 जून की शाम करीब 8.30 बजे की है। प्रार्थी रोहित ध्रुव 21 वर्ष निवासी सिविल लाईन बलौदाबाजार अपने साथी धन्नु साहू के साथ काम से लौट रहा था। जैसे ही वे गार्डन चौक कांग्रेस भवन के पीछे पहुंचे, तभी वहां पहले से मौजूद आरोपी 25 वर्षीय टेकराम पिता विश्राम ध्रुव निवासी सिविल लाईन, अम्बेडकर भवन के पीछे बलौदाबाजार ने उनका रास्ता रोक लिया।

आरोपी टेकराम ने रोहित का कॉलर पकड़कर मां-बहन की अश्लील गालियां दीं और शराब पीने के लिए जबरन पैसों की मांग करने लगा। जब प्रार्थी ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद जबरन वसूली की नीयत से आरोपी ने हाथ-मुक्के और पास में पड़े ईंट के टुकड़े से रोहित के सिर, पीठ, सीने और भुजा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

घटना के अगले दिन 18 जून को पीड़ित रोहित ध्रुव ने सिटी कोतवाली पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 490/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 296, 351(2) और 119(1) के अंतर्गत मामला पंजीकृत कर तत्काल विवेचना में लिया।

थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दबिश दी और आरोपी टेकराम ध्रुव को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। गवाहों के समक्ष कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। चूंकि आरोपी का कृत्य गैर-जमानतीय और गंभीर प्रकृति का था, इसलिए पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार किया।

# रवेली में बढ़ते विवाद को लेकर ग्रामीण पहुंचे थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला




ग्राम रवेली में लगातार बढ़ रहे आपसी विवाद और तनावपूर्ण माहौल को लेकर गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण सुहेला थाना पहुंचे। ग्राम पंचायत रवेली की सरपंच सरोज साहू, पूर्व सरपंच, उपसरपंच, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने गांव में अशांति फैलाने, विवाद को बढ़ावा देने तथा लड़ाई-झगड़े की स्थिति निर्मित करने के आरोप लगाते हुए नोहर वर्मा एवं उनके सहयोगी विजय अनंत के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में आए दिन होने वाले विवादों के पीछे कुछ लोगों की भूमिका रही है, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो रहा है। थाना पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की।

इस संबंध में ग्राम पंचायत रवेली की सरपंच सरोज साहू ने बताया कि नोहर वर्मा द्वारा रवि अनंत को संरक्षण एवं समर्थन दिया जा रहा है, जिसके कारण गांव में लगातार विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विजय अनंत द्वारा गांव की एक महिला कविता अनंत के साथ गाली-गलौज की गई थी, जिसकी शिकायत सुहेला थाना में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले में धारा 151 के तहत कार्रवाई की थी, लेकिन जमानत मिलने के बाद विजय अनंत पुनः गांव पहुंचकर गाली-गलौज करने लगा, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

उक्त संबंध में नोहर वर्मा ने कहा कि मेरे ऊपर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। घटना के वक्त मैं घर पर ही नहीं था। मेरे बड़े भाई के द्वारा थाने में आवेदन परिवार के सुरक्षा को लेकर दी गई है।

वहीं दूसरी ओर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नोहर वर्मा के बड़े भाई शिव वर्मा ने थाना में आवेदन देकर बताया था कि लगभग 10 से 12 ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर उनके घर के सामने पहुंचे थे। उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की मांग की थी। इसी घटनाक्रम के बाद मामला और अधिक तूल पकड़ गया तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण लामबंद होकर थाना पहुंच गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सुहेला थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी। सब इंस्पेक्टर जग सिह ठाकुर ने दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए शांति बनाए रखने की अपील की तथा फिलहाल सभी को वापस घर भेज दिया।

सब इंस्पेक्टर जग सिह ठाकुर ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है तथा शनिवार को एसडीओपी के समक्ष दोनों पक्ष अपनी समस्या से अवगत कराएगे तत्पश्चात नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम रवेली में बढ़ते विवाद को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन की नजरें अब आगामी जांच एवं पुलिस कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। पुलिस ने सभी पक्षों से कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह या उकसावे से दूर रहने की अपील की है।

# हमर क्लीनिक बनाने फंड का लोचा... कहीं आधे अधूरे तो कहीं भवन के सामने हो गया कब्जा

### नयापारा में केवल पिल्हर लगा

*सदरबाजार के नयापारा इलाके में रहने वालों को प्राथमिक स्वास्थ्य की निशुल्क सुविधा देने के लिए हमर क्लीनिक बनाने का काम शुरू किया गया। शुरुआती दौर में भवन बनाने यहां पिल्हर तो लगाए गए इसके सीजीएमएससी के ठेकेदारों ने इधर मुड़कर भी नहीं देखा। क्षेत्र के पार्षद ने बताया कि हमर क्लीनिक की सुविधा के लिए वे काफी समय से प्रयासरत है। कार्पोरेशन के जिम्मेदारों ने उन्हें फंड नहीं होने का हवाला दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गली-मोहल्ले में हमर क्लीनिक बनाने की योजना फंड के अभाव में पूरी होने का नाम नहीं ले रही है। राजधानी रायपुर में कहीं भवन बनाने का काम आधा-अधूरा है, तो कहीं खुलने की तारीख तय नहीं होने के कारण कब्जा हो गया है।

- बनने थे 76 हमर क्लीनिक, चार साल में पचास बन पाए वो भी अधूरे खुले

राजधानी में 76 स्थानों पर हमर क्लीनिक बनाने की योजना थी, मगर चार साल बाद भी इसमें से पचास बन पाए जो पूरी तरह नहीं खुल सके हैं। राजधानी में ही आधा दर्जन स्थानों पर योजना केवल कागजों पर अटकी पड़ी है और भवन निर्माण का काम पूरा नहीं हो पाया है। हमर क्लीनिक के लिए भवन बनाने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी की है, मगर पर्याप्त फंड नहीं होने की वजह से उनके निर्माण का काम आधा-अधूरा है। किसी इलाके में भवन का ढांचा खड़ा हुआ, तो कहीं बोर्ड लगाकर काम चलाया जा रहा है। कुछ एक स्थान पर तो पिल्हर लगाकर ही काम बंद कर दिया गया है। लोधीपारा इलाके के भावे नगर में हमर क्लीनिक बनाने मिली जगह पर ढांचा खड़ा किया गया इसके बाद निर्माण के लिए राशि की समस्या आने के बाद उसे अस्पताल की शक्ल नहीं दिया जा सका।

देख रेख के अभाव में बन आसपास के अतिक्रमण करने वालों का ठिकाना बना गया। वर्तमान में भवन के बाहर से लेकर भीतर लोगों को कब्जा है और उन्हें बेदखल करने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पा रहा है। पर्याप्त फंड की वजह हमर क्लीनिक बनाने का काम कई इलाकों में अटका पड़ा है। हमर क्लीनिक बनाने की योजना पंद्रहवे वित्त आयोग से मिले फंड के बाद दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक के तर्ज पर बनाई गई थी। शुरुआती दौर में तो फंड मिलने के बाद सीजीएमएससी द्वारा धड़ाधड़ कई इलाकों में विशेष प्रकार के भवन का निर्माण कर दिया गया। समय बीतने के बाद आवश्यक निर्माण के लिए फंड की कमी शुरू हुई और काम अधूरा रह गया। नतीजा यह हुआ कि हमर क्लीनिक पूरे नहीं खुले पाए।

## आधा दर्जन स्थानों पर योजना केवल कागजों पर अटका पड़ा भवन का निर्माण

### जहां मरीज भी आने से करते हैं परहेज

बैजनाथ पारा इलाके में खोले गए हमर क्लीनिक में महिला चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ है मौजूद है, मगर यहां मरीज आने से परहेज करते हैं। हमर क्लीनिक का निर्माण ऐसे स्थान पर किया गया है, जो किसी भी लिहाज से सही नहीं है। गांधी मैदान के समक्ष बनाए गए इस क्लीनिक में वॉश रूम जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव है। बहुत ज्यादा जरूरी होने पर मरीज यहां आते हैं अन्यथा स्टाफ खाली बैठा रहता है।




**वीरभद्र नगर में बोर्ड भी हटा :** वीरभद्र नगर में भी काफी समय पहले हमर क्लीनिक बनाने की योजना था। इसके लिए पेट्रोल पंप के सामने की जमीन को चयनित किया गया था। काफी समय तक वहां हमर क्लीनिक का बोर्ड भी लगाया गया मगर बाद में काम शुरू होने की वजह से इस बोर्ड को हटा लिया गया। इसी तरह मठपारा इलाके में हमर क्लीनिक का संचालन सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है।

### हैंडओवर होते ही शुरू करेंगे

हमर क्लीनिक के भवन निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी की है। निर्माण पूरा होने के बाद भवन हैंडओवर होने पर इसका संचालन स्वास्थ्य विभाग करता है। आधिपत्य मिलने के बाद बाकी स्थानों पर हमर क्लीनिक शुरू किया जाएगा।

\- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीजीएमएससी

## खबर संक्षेप



### पंजीयन शिविर का शुभारंभ

**रायपुर।** जिले में पंजीयन शिविर का शुभारंभ हुआ। जनपद पंचायत धरसींवां के सेवा सदन में तीन दिवसीय इस पंजीयन शिविर का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला सेन ने किया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर पंचायत कुर्रा, विद्युत विभाग, कृषि, राजस्व, खाद्य, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मत्स्य एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों ने हितग्राहियों का पंजीयन किया तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के पहले दिन लगभग 100 हितग्राहियों ने पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ उठाया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि मंडपम में होने वाले योग कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने बैठक ली। इस कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि होंगे। स्कूल एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों सहित आम लोग भी यहां करने पहुचेंगे। जिला पंचायत परिसर स्थित सभाकक्ष में हुई बैठक में सीईओ ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 200 कलाकारों ने मंत्री संग की मार्गदर्शन बैठक

**रायपुर।** प्रदेशभर के 200 वरिष्ठ संस्था संचालक कलाकारों ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हृदय प्रकाश अनंत के नेतृत्व मे छग शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब संग अपनी विभिन्न 10 सूत्रीय समस्याओं के लेकर मार्गदर्शन बैठक की। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि कलाकार धर्म, कला-संस्कृति परम्परा के सच्चे संवाहक, संरक्षक, सामाजिक चिंतक व समाज सुधारक हैं। कलाकारों ने सदा गुरु के विचार संदेश, प्रदेश की कला-संस्कृति, मान-सम्मान को देश विदेश तक आगे बढ़ाया है। गुरु घासीदास जयंती को पर्व के रूप मे हमारे पुरखों ने अच्छी तरह सोच-विचार के साथ स्थापित किया है। जयंती पर्व सामाजिक जागृति और सामाजिक संदेश गुरु संदेश को आगे बढ़ाने का प्रमुख केंद्रबिंदु है, जो आवश्यक सुधार के साथ सतत रूप से चलता रहेगा। बैठक का शुभारंभ सतनाम परंपरा के अनुसार गुरु वंदना, गुरु आरती से उपस्थित सभी 200 कलाकारों ने एक साथ किया। बैठक में प्रदेशभर के सभी नामी-गिरामी लगभग 200 वरिष्ठ कलाकारों के उपस्थिति रही। बैठक में गुरु सौरभ साहेब ने भी मार्गदर्शन, आशीर्वचन दिया। बैठक में प्रमुख रूप से पद्मश्री उषा बारले, शिवा जांगड़े, द्वारिका बर्मन, भगत गुलेरी, चंदन बांधे, दिलीप नवरत्न, वीरेंद चतुरवेदी, अमित कमल कोशले, रामबिलास खूंटे, शशि सतनामी, हेमलाल बड़ी संख्या में कलाकारों की उपस्थिति रही।

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एम.ए. फुड प्रोडक्ट्स द्वारा पार्टनर श्री जयेश सचदेव आत्मज श्री अजय सचदेव निवासी रूपरेला गली रमण मंदिर वार्ड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. पिन नं. 492001 के द्वारा ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 राजस्व निरिक्षक मंण्डल सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. की निम्न भू-स्वामीयो से उनकी हक स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि क्रय कर पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाने वाला है

1. भू-स्वामी ईश्वर साहू पिता ईतवारी साहू निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 खसरा नं. 522 रकबा 0.060 हे.
2. भू-स्वामी कुंजबिहारी गुप्ता पिता श्री शंकर लाल गुप्ता निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 खसरा नं. 456/2 रकबा 0.530 हे.

अतः किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिपत्य के संबंध में कोई भी दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित या मोबाईल नं. 9301307152, 8770903083 पर सुचना देकर आपत्ति पन्द्रह दिवस के भीतर प्रस्तुत करे पन्द्रह दिवस के पश्चात की गई कोई भी दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा तथा अवैध व शुन्य माना जावेगा। सो सूचना जाने

सो सूचना जाने

दिनांकः 15.06.2026
स्थानः सिमगा

सूरज कुमार गुप्ता, अधिवक्ता
सिविल कोर्ट सिमगा
मोबा. 9301307152

# पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया गया फिंगरप्रिंट का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

■ प्रशिक्षण में विभिन्न थानों में पदस्थ कर्मचारियों, प्रशिक्षु उप निरीक्षकों सहित 50 से अधिक को किया गया शामिल

जिला पुलिस सारंगढ़-बिलाईगढ़ में अति पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे एवं एसडीओपी सारंगढ़ स्नेहिल साहू के मार्गदर्शन में अपराधों की वैज्ञानिक विवेचना को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से फिंगरप्रिंट एवं चांस प्रिंट संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

## विवेचना में वैज्ञानिक विधियों के उपयोग की दी गई जानकारी



### वैज्ञानिक साक्ष्यों के उपयोग से अपराध जांच होगी

जिला पुलिस का उद्देश्य प्रत्येक विवेचना में वैज्ञानिक साक्ष्यों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना, अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पहचान करना तथा न्यायालय में मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत करना है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से पुलिस अधिकारियों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि होगी, जिससे अपराधों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण में सहायता मिलेगी।

करने, विकसित करने एवं न्यायालयीन साक्ष्य के रूप में उपयोग करने की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही एक्ट 2022 के अंतर्गत फिंगरप्रिंट एवं अन्य जैविक नमूने लिए जाने संबंधी वैधानिक प्रावधानों पर जानकारी दी गई।राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली के प्रभावी उपयोग एवं डिजिटल माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों की त्वरित पहचान की प्रक्रिया से भी अधिकारियों को अवगत कराया गया।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुलिस आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धतियों के माध्यम से आपराधिक न्याय प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

## निरीक्षण : लैब, ऑपरेशन थियेटर और नए डिलीवरी रूम का किया अवलोकन

# सीएससी पलारी का विधायक संदीप ने किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ अस्पताल की जरूरतों और स्वास्थ्य समस्याओं से कराया अवगत

कसडोल विधायक संदीप साहू ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, उपचार व्यवस्था तथा निर्माणाधीन कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।विधायक संदीप साहू ने लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ट्रांजिट भवन का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने लैब, ऑपरेशन थियेटर, अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन नए डिलीवरी रूम, एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) सहित अस्पताल के सभी वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने विधायक को अस्पताल की आवश्यकताओं एवं क्षेत्र की स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की मांग रखी।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, मनीष चंद्राकर, रोहित साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, बीएमओ डॉ. पंकज वर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एस. ध्रुव, सुकालु यदु, तोमन चंद्राकर, झड़ीराम कन्नौजे, वीरेंद्र महेश्वरी, उमाशंकर मिश्रा, शेरखान, साधराम साहू, शिवम मिश्रा, भुनेश्वरी फेकर, शेषनारायण पटेल, इंद्रकुमार वर्मा, राजकुमार साहू, सनत वर्मा, मोहन ध्रुव, दौलत साहू, जगमोहन, रसूल बेग, लीलाधर वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा में उमड़े भक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार गायत्री शक्तिपीठ मंदिर प्रांगण में धीकुड़िया परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने गांव के देवी-देवताओं को नमन करते हुए राधे-राधे के जयघोष के साथ नगर भ्रमण किया।

कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में माताएं, बहनें और श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने विधि-विधान के साथ कलश स्थापना की। यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक भूपत राम वर्मा, पुनेश्वर वर्मा, तुकाराम वर्मा एवं धनेश्वर प्रसाद वर्मा हैं। कथा वाचन राष्ट्रीय स्तर के कथावाचक पंडित अजीत कुमार द्वारा किया जा रहा है, जो मनोहर शैली में संगीत के माध्यम से श्रीमद्भागवत की कथा प्रस्तुत कर रहे हैं। उनकी प्रस्तुति को श्रोताओं द्वारा काफी सराहा जा रहा है और पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज रहा है।यह आयोजन स्वर्गीय हनुमत वर्मा एवं स्वर्गीय कमलाबाई वर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित श्राद्ध कार्यक्रम के अवसर पर वर्मा परिवार द्वारा कराया जा रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और /"राधे-राधे/" तथा /"बांके बिहारी की जय/" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

# शाला विकास समिति में अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का निर्विरोध चयन

**पलारी ।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दतान (प) में आज शाला विकास समिति के चुनाव /मनोनयन संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से शाला विकास समिति के अध्यक्ष बिसाहू साहू, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रात्रे, शिक्षाविद नीलकमल साहू, सदस्यगण मोगरा साहू, दुलेश्वरी साहू, नीरा पैगंबर, पंच कमलेश्वरी साहू, अशोक सेन, रामलाल साहू, देवनाथ वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता झूम्मन बारले को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मोहन ध्रुव, पूर्व सरपंच महेश बारले, शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष साधराम बारले, उपाध्यक्ष केशरी वर्मा, बिहारी वर्मा, मुलचंद वर्मा, रमेश्वर बंजारे ,कुंदन पटेल, हेमलाल साहू, एवम संस्था प्रमुख प्राचार्य उमा वर्मा, शाला के व्यख्याता शिक्षिका/शिक्षक योगेशरी धुरंधर, महेश्वरी वर्मा, रश्मि ठाकुर, सुश्री गीता श्रेय, पूजा जायसवाल, मनोज वर्मा, डॉक्टर कोमल वैष्णव, अरविंद ध्रुव, देवेंद्र लहरे, विजय कुर्रे, पी के साहू, रविशंकर साहू, ललित वर्मा, लिपिक गीतिका वर्मा, सभी ने शाला विकास समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण को गुलाल लगाकर एवं गुलदस्ता देकर संस्था प्रमुख प्राचार्य ने बधाई दी।



# आयोग ने बीमा कंपनी से दिलाई दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बीमा कंपनी द्वारा परिवादी को दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकारगण को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए परिवादी को दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति राशि 1600000 एवं उपभोक्ता को मानसिक शारीरिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 50000 तथा वाद-व्यय हेतु 10000 रुपये प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया है।

### आगजनी के समय बीमा पॉलिसी थी वैध

जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी मेसर्स रमन साईकिल के प्रोपराइटर दिलीप भट्टर ने अपने व्यवसायिक स्थल का दुर्घटना पॉलिसी न्यू इंडिया भारत सुरक्षा उद्यम सुरक्षा पालिसी लिया था, जिसका प्रीमियम राशि का भुगतान विरोधी पक्षकारगण क्र. 3 न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को चेक के माध्यम से किया था। बीमा अवधि के दौरान ही दिनांक 18 नवंबर 2021 को परिवादी के व्यवसायिक स्थल पर आगजनी की दुर्घटना हुई। आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह धांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि परिवादी द्वारा दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति हेतु दावा 20 नवम्बर 2021 को विरोधी पक्षकारगण बीमा कंपनी को प्रस्तुत किया गया। जांच उपरांत प्रीमियम प्राप्त नहीं होने के आधार पर पालिसी निरस्त करने की सूचना दिनांक 24 नवम्बर 2021 को परिवादी को दिया गया।घटना एवं दावा प्रस्तुति दिनांक को बीमा कंपनी द्वारा जारी पालिसी वैध एवं प्रभावशाली थी।

चेक अनाहरित होने की सूचना अनाहरण दिनांक 29 अक्टूबर 2021 से तत्काल देना था। परिवादी को सूचना देने के पूर्व ही संस्थान में आगजनी की घटना घटित हुई। अनाहरित होने की जानकारी मिलने पर परिवादी ने विरोधी पक्षकारगण क्र. 01 बैंक को पत्र लिखकर चेक अनादरित होने का कारण पूछा परन्तु बैंक द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। चेक संशोधन दिनांक को भी खाते में पर्याप्त राशि मौजूद थी। ऐसी स्थिति में बीमा के जीवित एवं प्रभावशाली अवस्था में बीमा राशि नहीं दी जाना घोर व्यावसायिक कदाचरण एवं सेवा में उपेक्षा को दर्शाती है, जिसके लिए विरोधी पक्षकारगण दायित्वधिन है। विरोधी पक्षकारगण क्र 3 न्यू इंडिया इन्शयरिंस कंपनी लिमिटेड बलौदाबाजार, विरोधी पक्षकारगण क्र 1 बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा बलौदाबाजार, विरोधी पक्षकारगण क्र 2 एक्सीस बैंक शाखा बलौदाबाजार को सेवा में कमी का दोषी मानते हुये विरोधी पक्षकारगण क्र. 3 न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, परिवादी को दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति राशि 1600000 रुपये आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदान करेगा एवं विरोधी पक्षकारगण क्र. 1 व 2 मानसिक एवं शारीरिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 50000 तथा विरोधी पक्षकारगण वाद-व्यय हेतु 10000 रुपये परिवादी को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश दिया गया है।

## पेज 13 के शेष

### ट्रैक्टर जब्ती से ...

ने एसडीएम से कार्रवाही करने का आग्रह किया। विविद हो कि नगर थाना अंतर्गत ग्राम चांटीपाली का किसान कमल ओगरे द्वारा ट्रैक्टर जब्त होने व कथित नायब तहसीलदार द्वारा रिश्वत मांगने से परेशान होकर गुरुवार की सुबह तकरीबन 9 बजे जहर सेवन किए जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद देर रात्रि कसडोल विधायक संदीप साहू ने पीड़ित किसान से मिलकर कार्रवाही का आश्वासन दिया था। तहसील कसडोल के ग्राम सिनोधा से अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर को नायब तहसीलदार आकांक्षा तिवारी ने गुरुवार को निरीक्षण के दौरान पकड़ कर थाना कसडोल के सुपुर्द किया। इससे क्षुब्ध होकर ट्रैक्टर चालक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। प्रशासन द्वारा उक्त ट्रैक्टर चालक को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### गोपालपुर के प्राथमिक ...

तो एक समस्या और खड़ी हो रही है, छात्रों की दर्ज संख्या कम होने का कारण बताकर उच्च अधिकारियों ने शिक्षकों को अन्यत्र व्यवस्था कर देंगे तो बच्चों के पढ़ाई अधर में लटक जाएगी। क्योंकि पिछले साल ऐसे हुआ था। यही बात बच्चों एवं पालकों को डर बना हुआ है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में अनेक निजी स्कूल संचालित होने के कारण सभी जगह के शासकीय स्कूलों में दर्ज संख्या कम हो रही है और एक दिन ऐसे समय आएगा तो गरीब अपने बच्चों को निजी स्कूल में पढ़ाई नहीं करा पाएगा।शाला विकास समिति के सदस्यों ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि। सरकार बेधड़क निजी स्कूल संचालित करने के लिए अनुमति दे रही है। जिसके कारण सरकारी स्कूल गर्त में जा रहे। इसका जिम्मेदार सरकार ही है। कार्यक्रम में उपस्थित शाला विकास समिति के अध्यक्ष राम नाथ साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ. टेक लाल साहू, सदस्य डी.आर.टण्डन, बिशेषर साहू, गुहा टण्डन, धरम साहू आदि है।

### लवन के बूढ़ा ...

पहले फिर अवैध खनन परिवहन जोर पकड़ लिया है, जिससे शासन प्रशासन को अनावश्यक राजश्व नुकसान झेलना पड़ रहा है। मिट्टी की अवैध खनन परिवहन से कुछ स्वार्थी तत्वों के जनप्रतिनिधियों एवं खनन माफिया एवं जिम्मेदार अधिकारियों को ही हो रहा है, जबकि शासन प्रशासन को राजश्व घाटे से समझौता करना पड़ रहा है, जबकि मिट्टी खनन के पूर्व जिला खनिज विभाग से रॉयल्टी बुक जारी किये गए हैं। अभी तक उस रॉयल्टी बुक से कितना रशीद ईमानदारी से काटे गए हैं। इस पर भी बड़ा संदेह बना हुआ है क्या वाकई में रसीद कटा भी है या केवल रसीद को ढाल बनाकर लगातार शासन को चुना लगाने का एक बड़ी खेल को जिम्मेदारो ने अंजाम दे रखा है। फिलहाल जब सूक्ष्म तरीके से गहरीकरण एवं रॉयलटी बुक की मॉनिटरिंग जांच होगी तो बड़े खेला का पर्दाफाश हो सकता है और इसके पीछे जो भी खिलाड़ी खेल में भाग लिए है, सबका नाम बेनकाब होकर बाहर निकलेगा, अब सबकी निगाहें जांच टीम पर टीका हुआ है।

### लवन रोड पर...

बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, महिलाएं, बुजुर्ग और श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है।

नागरिकों ने आशंका जताई है कि शराब दुकान खुलने से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ सकता है, जिससे बच्चों के मानसिक एवं सामाजिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई है। धार्मिक स्थलों के समीप शराब बिक्री और सेवन से धार्मिक भावनाओं के आहत होने तथा क्षेत्र के शांतिपूर्ण माहौल के प्रभावित होने की बात भी ज्ञापन में कही गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में केशव वर्मा, जितेन्द्र कुमार वर्मा, गंगासागर ध्रुव, दुलेश्वर, संतोष जायसवाल, किरण निषाद, निशा साहू, प्रमोद सिंह, गोलू साहू, जगदीश साहू एवं राजेश कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल रहे। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जनभावनाओं, महिलाओं की सुरक्षा, बच्चों के भविष्य तथा धार्मिक स्थलों की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए लवन रोड स्थित प्रस्तावित शराब दुकान को निरस्त कर अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाना जनहित में आवश्यक है।

# आंबा केंद्र में न्योता भोज, बच्चों ने लिया विभिन्न व्यंजनों का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत रिवाड़ीह के आंगनबाड़ी केंद्र में जनपद पंचायत पलारी के सभापति जनार्दन वर्मा ने अपनी पुत्री खुशी के जन्मदिन पर विशेष न्योता भोज का आयोजन कराया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन परोसे गए, जिन्हें बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ ग्रहण किया।

रिवाड़ीह आंगनबाड़ी केंद्र में इस प्रकार का न्योता भोज पहली बार आयोजित किया गया, जिससे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और ग्रामीणों में भी खुशी का माहौल देखने को मिला। बच्चों ने स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेते हुए जन्मदिन की खुशियों में भागीदारी की।

सभापति जनार्दन वर्मा ने कहा कि बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के आयोजन से न केवल बच्चों को खुशी मिलती है, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक पोषण भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के सुख-दुख, जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ अथवा अन्य शुभ अवसरों पर स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के बीच न्योता भोज का आयोजन करना चाहिए। कार्यक्रम में पिंकी वर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण कुलदीप सहायिका राजेश्वरी वर्मा निर्मला यादव अंजनी वर्मा तुलेश्वरी यादव संतोषी निषाद रूपाली निषाद सेवती ध्रुव दीपिका साहू सहित छोटे बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अनंत ने उत्तीर्ण की चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा

**भाटापारा।** अनंत जैन, सुपुत्र नितिन कुमार जैन ने प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा उत्तीर्ण कर



अपने परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। महज 22 वर्ष की आयु में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल कर अनंत जैन ने अपनी मेहनत, लगन एवं समर्पण का परिचय दिया है। उनकी इस सफलता पर परिवारजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। अनंत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों एवं परिवार के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन को दिया है।

### पीएम स्वनिधि योजना से उर्मिला को दुकान खोलने मिला 15 हजार का चेक



**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर भवन, बलौदाबाजार में आयोजित वृहद पंजीकरण शिविर के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत नगर के वार्ड 12 निवासी उर्मिला डोंगरे, पति संतोष डोंगरे को 15 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में उन्हें महत्वपूर्ण सहयोग मिला। उर्मिला डोंगरे ने बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी स्वयं की दुकान शुरू करने में करेंगी, जिससे उन्हें नियमित रोजगार प्राप्त होगा और परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यवसाय शुरू करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है।

### स्कूल में आहत निर्माण के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



रवान। लक्ष्मी अनिल बघेल पूर्व विधायक बलौदाबाजार के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमदा में अहाता निर्माण सम्बंधित मांग पत्र जिलाधीश कुलदीप शर्मा को सौंपा गया। इस मौके पर लक्ष्मी अनिल बघेल, जयनारायण सोनी अध्यक्ष स्थानीय समिति, राजेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य एवं शिवकुमार ठाकुर कार्यालय प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### प्राचार्या किरण ठाकुर ने लिया अंगदान का संकल्प

**रायपुर।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल उपरवारा की प्राचार्या किरण ठाकुर ने अंगदान का संकल्प लिया है। उनके इस संकल्प के लिए कलेक्टर गौरव सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है।

### भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खैरझिटी में गाली गलौज और मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी नरोत्तम सिन्हा ने बताया कि 17 जून को वह सुबह 10 बजे अपने घर में था, इसी बीच उसके भाई नारायण सिन्हा ने मां राधा बाई सिन्हा को पैसा नहीं देने पर खींचते हुए गाली गलौज करते हुए घर से बाहर निकाल दिया। जिसे मना करने पर प्रार्थी के साथ भी गाली गलौज करते हुए तथा जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट से सिर से दे मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

---

**प्रवेश उत्सव : कक्षा छठवीं के बच्चों का गुलाल लगाकर किया स्वागत**

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों का भव्य स्वागत, पाठ्य पुस्तकें वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

गर्मी की लंबी छुट्टियां मनाने के बाद 16 जून से शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है। स्कूल खुलने के बाद स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाते हुए बच्चों का स्वागत किया जा रहा है। शाला प्रवेश उत्सव में ड्रेस और किताब बांटी जा रही है। इसी तरह मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में 19 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अतिथि सरपंच शशिकला पांडेय, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष कमलेश रजक, पूर्व सरपंच एवं प्राथमिक शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष कृतराम वर्मा, सेवानिवृत प्रधान पाठक तिलक राम वर्मा, उपाध्यक्ष रामखिलावन वर्मा, शिक्षाविद जागेश्वर वर्मा, सुमेर वर्मा एवं हरिशंकर साहू मौजूद थे। अतिथियों के द्वारा कक्षा छठवीं के बच्चों का गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया साथ ही पुस्तक वितरण भी किया गया।




### आठवीं के टॉपर छात्राओं का सम्मान

इस वर्ष कक्षा आठवीं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कब्जा छात्राओं का रहा। प्रथम चित्रलेखा वर्मा 88.22 प्रतिशत द्वितीय देवकुमारी वर्मा 86.20 प्रतिशत एवं तृतीय अन्नपूर्णा रजक 85.55 प्रतिशत को शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष कमलेश रजक के द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं पांचवी और आठवीं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को भी 26 जनवरी के दिन अध्यक्ष के द्वारा सम्मान करते आ रहे हैं। अध्यक्ष कमलेश रजक ने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान पंच दूजराम वर्मा, प्रधान पाठक ममता चौहान, शिक्षिका अंजू साहू, संतोषी जायसवाल, सफाई कर्मचारी राधा वर्मा, लता वर्मा, आराधना स्व सहायता समूह से जसवंततीन बाई, राम बाई, गोदावरी बाई सहित छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## हायर सेकेंडरी स्कूल खुरसुला में शाला प्रवेशोत्सव मना




**बिलाईगढ़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि सरपंच सहित हरेंद्र कुमार शांडिल्य प्राचार्य, सहदेव साहू, रामकुमार डडसेना, बाबुदयाल डडसेना, घसिया राम साहू पंच, चंद्रशेखर साहू शामिल हुए। इसके बाद अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण तथा हाई स्कूल के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पुस्तक व गणवेश मिलने से बच्चों के चेहरे पर खुशियां दिखाई दी। अतिथियों ने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने, अनुशासन का पालन करने तथा निष्ठा एवं लगन के साथ समय नियोजन कर पढ़ाई करने की बात कही गई। प्राचार्य हरेंद्र कुमार शांडिल्य द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। इस अवसर पर रामसहाय डडसेना, श्यामलाल नवरत्न, देवेंद्र कुमार, राकेश, सालिक राम साहू, मदनलाल तोमर, लीलेश कुमार राजेश, महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सुनीता चतुर्वेदी, जीवन लाल नवरत्न संकुल समन्वयक, भूपेन्द्र कुमार डडसेना, मनीराम यादव, पवन कुमार साहू, नरेंद्र कुमार सोनी, परस राम बारले, लोकनाथ पाण्डेय, सोहन लाल डडसेना, निर्मल खुटे, शिवकुमारी महीनांगे, घनश्याम नागेश, कुसुमलता ठाकुर उपस्थित थे।



## हरदी में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**गोपालपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ संकुल केंद्र रोहिना में शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। सभी नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत करते हुए,मुँह मीठा कराया गया। शाला प्रवेशोत्सव में सभी बच्चों को दो-दो सेट गणवेश वितरित किए गए। कार्यक्रम में शामिल गौरीशंकर कर्ष संकुल समन्वयक ने छात्रों को प्रतिदिन शाला आने, पूरे समय तक शाला में ठहरने, पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में शामिल होने के लिए कहा। शिक्षक कमलेश कुमार खटकर ने अनुशासन, खेलकूद,स्वच्छता तथा पोधारोपण के सम्बन्ध में चर्चा की। शासकीय प्राथमिक शाला धोबनिडीह के प्रधानाचार्य अरुण कुमार भारती ने सभी बच्चों को नया शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए बधाई दी और अपने सपने को साकार करने के लिए मेहनत करने, समय का उपयोग, महत्व पर चर्चा की। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रोहिना के प्रभारी प्रधान पाठक भरत लाल साहू, गणपत लाल खूंटे प्रधान पाठक ने सभी बच्चों को अभ्यास पुस्तिका प्रदान कर इनके प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए कहा। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य रूप से निर्मला खूंटे, पितर खूंटे, चंद्रिका, लोकेश्वर, पंकज, शुभम, विकास, लीशा, कनिका का सहयोग सराहनीय रहा।




---

## खाद बीज के लिए कांग्रेस ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

तहसील भटगांव क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्या को देखते हुए खाद बीज की मांग को लेकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधिवक्ता प्रवेश दुबे ने कहा भाजपा किसान हितैषी बनने की डोंग कर रही है। सुशासन तिहार बनाए है, लेकिन किसानों की एक भी नहीं सुन रहे हैं। सरकार फैल हो गई है। आज किसानों को सोसाइटी से खाद बीज नहीं मिल रहा है। प्रदेश में किसान इस सरकार से तंग आ चुके हैं।

किसानों की समस्या की हल सरकार नहीं करेगी तो किसान आंदोलन करने बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सहदेव सिंह सिदार, वरिष्ठ नेता गुलाम मुर्तजा खान, मंडल अध्यक्ष रामानंद हिरवानी, सहित जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस से लक्षण जोलहे, सुधराम यादव, दिलहरण साहू, गुलाम जावेद खान, सुधा चौहान, प्रमोद साहू, किशोर निराला, राम साय बघेल, राजकुमार सोनवानी, गोपाल यादव, फिरितराम खटकर, अप्पू नारंग, दिनेश साहू, जय टंडन, असारद खान सहित आदि कांग्रेस नेता लोग शामिल थे।

## थवाईत परिवार ने श्री साईं महाप्रसाद वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगी

ग्राम कटगी में थवाईत परिवार द्वारा स्थापित श्री साईं मंदिर का 17वां वार्षिकोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे श्री साईं बाबा की विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

वार्षिकोत्सव के अवसर पर कटगी बस स्टैंड में महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण



रहा। सायं 4 बजे से प्रारंभ हुए महाप्रसाद वितरण में कटगी सहित आसपास के अनेक गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की अपेक्षा से अधिक उपस्थिति के बावजूद महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। आयोजन की सफलता पर थवाईत परिवार ने समस्त ग्रामवासियों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### योग करें, निरोग रहे का दिया जागरुकता संदेश



**पलारी।** इस बार का योग दिवस 21 जून को स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर आयोजित होगा। इस अवसर को खास बनाने के लिए योग परिवार पलारी शारदा मंदिर डीप गार्डन के प्रमुख योग शिक्षक राजकुमार यदु ने नगर पलारी एवं समुचे अंचल के लोगों को योग से जुड़ने अपील की है। उन्होंने कहा निरोगी काया स्वस्थ मन के लिए योग आवश्यक है। करो योग रहो निरोग, योग करेंगे - रोज करेंगे का मुल मंत्र दिया, नियमित रूप से जीवन में योग को शामिल करने से बहुत सारे लाभ है। इस अवसर पर शिक्षक दिनेश साहु, राजेश कन्नौजे, शत्रुहन वर्मा, ओस राम साहू, हेमलाल देवांगन, संतोष कोसले, फत्तेसेन, आशिष ठाकुर, बल्लु यादव, मनहरण ध्रुव, उमेंद ठाकुर, अर्जुन फेकर, शंकर कश्यप, तुकाराम वर्मा, जगदीश पटेल, रवि कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में योग साधक शामिल थे।

## भाजपा युवा मोर्चा पलारी की नवीन कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रणम्य पांडे मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रमोद देवांगन की सहमति से भाजपा युवा मोर्चा मण्डल पलारी की नवीन टीम का गठन किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में 6 उपाध्यक्ष, जिसमें केशरी वर्मा, रामबाबू पटेल, कान्हा वर्मा, आजुराम यादव,गेवेंद्र बंजारे एवं परशेश्वर साहू को बनाए गए,महामंत्री रवि श्रीवास्तव एवं योगेश योगी वर्मा की नियुक्ति की गई। 6 मंत्री देवव्रत महेश्वर, लक्की कनौजे, गोविंद जायसवाल, मनोज निषाद, उदे चन्द्राकर एवं प्रदीप वर्मा को शामिल किया गया। कोषाध्यक्ष संजू वर्मा सह कोषाध्यक्ष योगेश पटेल, मीडिया प्रभारी मनीष दुबे, सह मीडिया प्रभारी ओमेश वर्मा, कार्यालय प्रभारी रवि वर्मा, सह कार्यालय प्रभारी ओम गुप्ता,कन्या संयोजिका प्रियंका वर्मा,सहकन्या संयोजिका अर्पणा धृतलहरे बनाई गई। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य में गुलशन रजक, अरविंद साहू, प्रकाश कनौजे, दिनेश वर्मा, विकास बघेल, टिकेश्वर वर्मा, विकास साहू, चुनेश सेन, लिमेश वर्मा, ऋषभ चौबे, ललित निषाद, मोहित कोसले, योगेश साहू, सुरेश साहू, देवप्रकाश वर्मा, भानुप्रताप वर्मा, डिगेश्वर पटेल, बीर साहू, मधुकर वर्मा, घनश्याम वर्मा, धरमन धीवर, सोनू वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, आकाश वर्मा, जितेन्द्र देवांगन, नीलेशएवं मुकेश को शामिल किया गया है।

---

**एकाग्रता और सामंजस्य से मिलती है सफलता : इंद्र साव**

# इंट्रा बास्केटबॉल प्रतियोगिता का विधायक साव ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

जिला बास्केट बाल संघ द्वारा नगर के रावणभाटा स्थित खेल परिसर में इस स्पर्धा का उद्घाटन विधायक इंद्र साव ने किया। इस अवसर पर विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। विधायक इंद्र साव ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बास्केट बाल का यह खेल पूरी तन्मयता और एकाग्रता से खेले जाने वाला खेल है। इस खेल में खिलाड़ियों को आपसी सामंजस्य बनाकर खेलने से सफलता मिलती है। उन्हें इस बात की खुशी है कि बास्केट बाल खेल में यहां के खिलाड़ी राज्य स्तर और और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाकर अपने शहर का नाम रोशन किए हैं। शहर में उपयुक्त खेल मैदान नहीं होने के बावजूद यहां के खिलाड़ियों ने हाई स्कूल के मैदान से इस खेल में पारंगत होकर अपनी अलग पहचान बनाई, जिसके लिए वे और उनके कोच निश्चित रूप से बधाई के पात्र है। विधायक ने यहां पर विभिन्न प्रकार के खेलों के लिए खेल मैदान की नितांत जरूरत महसूस हो रही है, लेकिन उसके बावजूद रावण भाटा का यह मैदान खेलों के आयोजन के लिए पहली प्राथमिकता बना हुआ है। इसके पूर्व उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों ने मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया

### 5 टीमें हिस्सा लेगी

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता 21 तक चलेगी, जिसमें 5 टीमें के.एस.बी फालकॉन्स , मोहन वारियर्स,ओल्ड सिटी बौलर्स, रॉयल रैप्टर्स, सैम टाइटंस भाग लें रही है। विजेता टीमों को समापन समारोह में ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उद्घाटन अवसर पर डॉ. विकास आडिल, संजीव तिवारी, राजकुमार मल, आदित्य सिंह ठाकुर, आलोक गुप्ता, शरद पंसारी, विक्की ठाकुर, राजेश तिवारी, रवि गुप्ता, दीपक मल, रूपेश माखीजा, गिरीश वाढेर, यास्मीन, निर्मल जांगड़े , मुकेश जैन सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जांच में पहुंचे सीएमएचओ



**बलौदाबाजार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधा का आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने किया । निरीक्षण में ओपीडी, आईपीडी टीकाकरण, स्टोर रूम, लैब, ओटी, एन आर सी सहित प्रसव कक्ष में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता परखी।सीएमएचओ ने स्टोर रूम में फील्ड के लिए आरक्षित दवाइयों को तत्काल उपलब्ध फील्ड में भिजवाने को कहा गया। उन्होंने मैटरनिटी वार्ड का को शुरू करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने अस्पताल परिसर में ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने को भी कहा जिससे कहीं जल जमाव न रहे। उन्होंने वार्ड में मरीजों को दिए जा रहे भोजन में और पोषक सामग्रियों को भी सम्मिलित करने को कहा। अनुपयोगी या बिगड़े हुए उपकरण की जाँच परख करने को कहा। इस बाबत एक कमेटी गठित कर उनकी स्थिति की समीक्षा कर आवश्यकता पड़ने पर कंडम भी घोषित किया जा सकता है। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज वर्मा सहित सभी स्टाफ उपस्थित थे।